# आप तैयार हैं।

## एक टीको–पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी से अपनी यात्रा बुक करवाकर, आप स्वतः ही अपने यात्रा निवेश की सुरक्षा कर रहे हैं।

टीको आपके यात्रा निवेश के लिए उपभोक्ता सुरक्षा है, जो कोई भी एक टीको–पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी से अपनी यात्रा बुक कराता है उन सभी के लिए यह है एक पहरेदार।

चाहे स्वयं जाकर, टेलीफोन द्वारा या फिर इन्टरनेट से, जब आप एक टीको–पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी से कोई ख़रीदारी करते हैं, तो आप पाते हैं मानसिक शांति इस जानकारी के साथ कि टीको मदद के लिए उपलब्ध है।

यहां बताया जाता है कि कैसेः

### विनियम

ओन्टेरियो का यात्रा उद्योग टीको द्वारा विनियमित किया जाता है।

ओन्टेरियो की समस्त ट्रेवल एजेंसियों के अनिवार्य पंजीकरण के जरिये, टीको सुनिश्चित करता है कि सभी एजेंसियां ओन्टेरियो यात्रा उद्योग अधिनियम ( ओन्टेरियो ट्रेवल इंडस्ट्री एक्ट) का पालन करें। और इसका अर्थ यह हुआ कि उन्हें हर हाल में कानून का पालन करना होगा।

इसका अर्थ है उचित इनवॉइस बनाना और तथ्य बताना, सत्यतापूर्ण विज्ञापन और वित्तीय अनुपालन जैसी बातें – और आपके धन को ट्रस्ट में रखना। हम यह भी देखते हैं कि वे इस उद्योग के शैक्षिक मानकों को पूरा करें।

### निगरानी

टीको द्वारा ओन्टेरियो की ट्रेवल एजेंसियों का निरीक्षण और उनकी निगरानी की जाती है।

टीको सुनिश्चित करता है कि जिन ट्रेवल एजेंसियों से आप ख़रीदारी करते हैं वे उपभोक्ता सुरक्षा कानूनों का सख्ती से पालन करें, जिसे ओन्टेरियो ट्रेवल इंडस्ट्री एक्ट का समर्थन हासिल है। टीको द्वारा सभी ट्रेवल एजेंसियों का निरीक्षण और उनकी निगरानी की जाती है, और ऐसी एजेंसियों को अनुशासित किया जाता है जो इन कानूनों का पालन नहीं करतीं।

टीको उचित और नैतिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है, एक नैतिक संहिता को समर्थन देता है और विधायी और विनियामक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करता है।

**और यह बहुत आसान है क्योंकि ओन्टेरियो में कार्यरत सभी ट्रेवल एजेंसियों को टीको–पंजीकृत होना ज़रूरी है। यह कानून है।**

### रिफंड

टीको उन सेवाओं के लिए दिए गए धन को वापस करता है जो आपने प्राप्त नहीं कीं।

यदि आप किसी टीको–पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी से यात्रा सेवाएं ख़रीदते हैं और ऐसी एजेंसी के बंद या दिवालिया हो जाने के कारण आपको वे सेवाएं नहीं मिलतीं, तो टीको द्वारा मदद की जाती है।

जब आपकी क्रूज़ लाइन, एयर लाइन अथवा ट्रेवल एजेंसी ऐसी सेवाएं प्रदान नहीं कर पाती, तो टीको द्वारा प्रति व्यक्ति पांच हजार डॉलर तक का रिफंड दिया जाता है। कुछ विशेष परिस्थितियों में, जब यात्री फंस जाते हैं, हम उन्हें घर लाते हैं।

क्षतिपूर्ति फंड का दायरा, ओन्टेरियो रेग्युलेशन 26/05 की शर्तों के आधीन होता है।

### शिकायतें

टीको शिकायत प्रक्रिया के बोझ से निपटने में आपकी मदद करता है।

हम आशा करते हैं कि आपकी यात्रा हमेशा अच्छी तरह पूरी हो, लेकिन जब आप प्रसन्न न हों और आपकी ट्रेवल एजेंसी स्थिति को सुलझाती नहीं दिखाई दे, तब हम मदद कर सकते हैं। लेकिन याद रखें, यदि आपकी एजेंसी टीको–पंजीकृत न हो, तो हम ज़्यादा कुछ नहीं कर सकते।

यदि आप एक टीको–पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी से बुकिंग कराते हैं, तो टीको द्वारा शिकायत प्रक्रिया में सहायता की जाती है, आपकी ट्रेवल एजेंसी से बात की जाती है और सुनिश्चित किया जाता है कि उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का उचित रूप से पालन किया जाए।

यद्यपि हम कोई निबटारा नहीं थोप सकते या एक मध्यस्थ के तौर पर कार्य नहीं कर सकते, फिर भी हम सुनिश्चित करते हैं कि आपको अपनी चिंताओं के समाधान हेतु एक प्रक्रिया सुलभ हो जाए।

# यात्रा बुक करने के लिए सुझाव

## सुझाव संख्या 1

जब ऑनलाइन यात्रा सेवा की बुकिंग/ख़रीद कर रहे हों, तो हमेशा सुनिश्चित कर लें कि जिस कंपनी से आप सौदा कर रहे हैं वह एक टीको–पंजीकृत ट्रेवल कंपनी हो। ऐसा होने से आप ओन्टेरियो के उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का सहारा ले पाएंगे।

## सुझाव संख्या 2

चाहे आप नकद भुगतान कर रहे हों या क्रेडिट कार्ड से, हमेशा सुनिश्चित करें कि जब आप अपनी यात्रा सेवा बुक करें तो आपको अपनी ट्रेवल एजेंसी से एक इनवॉइस और रसीद मिले।

## सुझाव संख्या 3

ऑनलाइन यात्रा सेवा की ख़रीद करते समय, पता करें कि आप किसे भुगतान कर रहे हैं। आपके क्रेडिट कार्ड पर कौन खर्च प्रभारित करेगा? क्या ऑनलाइन कंपनी ऐसा कर रही है या वह आपकी भुगतान संबंधी जानकारी किसी ऐसे टूर ऑपरेटर या एयरलाइन को आगे भेज रही है जो हो सकता है टीको में पंजीकृत न हो।

## सुझाव संख्या 4

इससे पहले कि आप ऑनलाइन अपनी सेवाओं की पुष्टि करें, उनसे संबंधित शर्तें और निबंधन (टर्म्स एंड कंडीशन्स) पढ़ लें, ख़ासकर जो रद्द करने, परिवर्तन करने और पैसे वापस करने से संबंधित हैं।

## सुझाव संख्या 5

हमेशा कुछ शोध कार्य कर लें – पता लगाएं कि आप जिस देश में घूमने की योजना बना रहे हैं क्या वहां जीवन स्तर कैनेडा से भिन्न है। यह पता करने से आपको वहां की जीवन–यापन दशाओं को देखकर धक्का नहीं लगेगा या आप हर जगह शानदार होटलों, रेस्त्रां और नाइट क्लबों की उम्मीद नहीं करेंगे। याद रखें कि होटलों की स्टार रेटिंग के लिए कोई अंतर्रा  ट्रीय प्रणाली मौजूद नहीं है और इसलिए, हो सकता है कैनेडा का 4 स्टार होटल ठीक वैसा न हो जैसा कि उस देश का 4 स्टार होटल जहां आप घूमने की योजना बना रहे हैं।

## सुझाव संख्या 6

आपको यह जानकारी अवश्य हो कि यात्रा करने वाले हर व्यक्ति के लिए कौन–कौन से दस्तावेज़ आवश्यक हैं और सुनिश्चित करें कि आपकी योजित रवानगी से पहले आपको ये दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिले।

## सुझाव संख्या 7

आपको यह जानकारी अवश्य हो कि यात्रा करने वाले हर व्यक्ति के लिए कौन–कौन से दस्तावेज़ आवश्यक हैं और सुनिश्चित करें कि आपकी योजित रवानगी से पहले आपको ये दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिले।

## सुझाव संख्या 8

रद्दीकरण और प्रांत से बाहर का चिकित्सा बीमा करवाना हमेशा ही अच्छा रहता है – विशेषकर जब आप किसी दूसरे देश में जा रहे हों। तैयारी रखें!!!!!

## सुझाव संख्या 9

प्रश्न पूछें। अपने परिवार, मित्रों और यहां तक कि अपने ट्रेवल एजेंट से पूछें कि क्या वे उस जगह गए हैं जहां आप घूमने की योजना बना रहे हैं, और पता लगाएं कि उनका अनुभव कैसा रहा और उस जगह घूमने के संबंध में उनके पास क्या सिफारिशें हैं।

## सुझाव संख्या 10

छोटी–छोटी बातों से परेशान न हों और उड़ान में विलंब जैसी बातों से अपनी छुट्टियों का मजा किरकिरा न होने दें। अपने समय का लुत्फ़ लें!

tico.ca
Travel Industry Council of Ontario

**Travel Industry Council of Ontario**
2700 Matheson Blvd. E., Suite 402, West Tower, Mississauga, ON L4W 4V9
टेलीफोन : (905) 624-6241 | फैक्स : (905) 624-8631 | टोल : 1-888-451-TICO
ई मेल : tico@tico.ca | वेबसाइट : www.tico.ca